# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Simanchal Construction (Reg. No. 1240285) Add:- Ashram Chowk Ward No.14 Post + Dist- Araria Pin:- 854311 को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10275 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध दिनांक 08.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

10/10/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता Simanchal Construction (Reg. No. 1240285) Add:- Ashram Chowk Ward No.14 Post + Dist- Araria Pin:- 854311 उपस्थित एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, फारबिसगंज अनुपस्थित।

प्रस्तुत मामला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III कार्य प्रमंडल, फारबिसगंज के अधीन RCC Bridge at T02 Morballa to forbesganj at Ch-4.50km (Package No. BR01P3R113) Tender ID- 140354 की निविदा में संवेदक Simanchal Construction (Reg. No. 1240285) द्वारा Tools & Plant से संबंधित गलत कागजात संलग्न किये जाने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10275 दिनांक 24.09.2025 द्वारा संवेदक को 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.07.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के विरूद्ध निविदाकार–Marcom Infra Pvt. Ltd. (BID-613740) का परिवाद के आलोक में निविदाकार Simanchal Construction (BID-613906) का Tools & Plant का (i) Invoice No. 89 Dated 24.07.2009 (ii) Invoice No. A/54 Dated 21.01.2010 (iii) Invoice No. 140 Dated 22.09.2008 जो Shiv Shakti Road Equipment Pvt. Ltd. New Delhi का है, जो गलत पाया गया। तद्‌लोक में SBD (PMGSY-III) की कंडिका– 4.7 (i) के आलोक में तकनीकी रूप से संवेदक Simanchal Construction (Reg. No. 1240285) अयोग्य किया गया।

तद्‌लोक में संवेदक के निबंधन (Reg No. 1240285) को विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10275 दिनांक 24.09.2025 द्वारा संवेदक को 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किया गया।

संवेदक द्वारा उक्त कालीकृत आदेश के विरूद्ध दिनांक 08.10.2025 को विभागीय अपर मुख्य सचिव महोदय के समक्ष अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

संवेदक द्वारा अपील अभ्यावेदन में उल्लेख किया गया है कि संदर्भित निविदा में इनके द्वारा समर्पित Tools & Plant का जो भी भाउचर लगाया गया है वो इनके पास उपलब्ध है। जिसकी भौतिक जॉच संबंधित अधीक्षण अभियंता द्वारा नहीं करायी गयी।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों एवं सभी साक्ष्यो की जॉच कराते हुए कालीकरण आदेश को निरस्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उपलब्ध कागजातों का अवलोकन किया गया। यह स्पष्ट नहीं है कि बिना भौतिक सत्यापन कराए गए मात्र कागजात के आधार पर किसी भी संवेदक को अयोग्य ठहराया गया एवं इसके आधार पर कालीकरण करने का अनुशंसा किस आधार पर की गई। द्वितीय उपलब्ध कागजातों के आधार पर यह स्पष्ट है कि संवेदक Simanchal Construction के द्वारा जो Invoice दिया गया है। वह Shiv Shakti Road Equipments Pvt. Ltd. का है जबकि Invoice का सत्यापन Shiv Shakti Pvt. Ltd. से कराया गया है। दूसरे संवेदक के परिवाद पर मात्र कागजात के सत्यापन के आधार पर किसी भी संवेदक को अयोग्य ठहराने एवं उसके आधार पर कालीकरण करने की कार्रवाई उचित प्रतीत नहीं होता है एवं इन्हें दिया गया दंड गैर प्रत्यानुपातिक है।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त नोडल पदाधिकारी, PMGSY को निदेश दिया जाता है कि उक्त निविदा (Tender ID- 140354) से संबंधित संचिका, अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाय एवं Simanchal Construction (Reg. No. 1240285) Add:- Ashram Chowk Ward No.14 Post + Dist- Araria Pin:- 854311 से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक**–10275 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–240/2025 10864 /पटना, दिनांक– 15-10-25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/10/25
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–240/2025 10864 /पटना, दिनांक– 15-10-25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–240/2025 10864 /पटना, दिनांक– 15-10-25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–240/2025 10864 /पटना, दिनांक– 15-10-25

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, PMGSY ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि निविदा (Tender ID- 140354) से संबंधित संचिका अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

14/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–240/2025 10864 /पटना, दिनांक 15-10-25

निबंधित

प्रतिलिपि– संवेदक Simanchal Construction, Add:- Ashram Chowk Ward No.14 Post + Dist- Araria Pin:- 854311 को सूचनार्थ प्रेषित।

14/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–240 / 2025 10864 / पटना, दिनांक– 15.10.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.10.25

सरकार के संयुक्त सचिव